# U. S. OSTWAL INTERNATIONAL SCHOOL

**OSTWAL WONDER CITY, BOISAR (E)**

**Term-I (2023-24)**

**Name :____________________________** **Date: / /23**

**Grade : VII** **Max Marks:80**

**Subject : Hindi** **Time: 2hr.30min**

**Roll no:_______**

---

**General Instructions:**

- **All questions are compulsory**
- **Do not write the questions. Directly write the answers.**
- **Write the paper neatly.10 minutes for reading time.**

**SECTION A (40 Marks)**

**प्रश्न 1.किसी एक विषय पर २५० शब्दों में निबंध लिखें। (8)**

ऋतुओ की रानी: वर्षा ऋतु (अथवा) समय का सदुपयोग

**प्रश्न.2 नीचे दिए किसी एक विषय पर संवाद लिखिए। (7)**

पानी की बर्बादी के विषय में पिता और पुत्र के बीच संवाद

**(अथवा)**

नीम और पीपल के वृक्ष के बीच संवाद

**प्रश्न.3 अपने विद्यालय में खेलकूद सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए । (7)**

**प्रश्न.4 नीचे दिए गये गद्यांशो को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

आज का आदमी धन के पीछे दौड़ रहा है।पाँच रुपये मिलने पर दस,दस मिलने पर सौ और सौ मिलने पर हज़ार की लालसा लिए इस अंधी दौड़ में शामिल हैं। इस दौड़ का कोई अंत नही हैं।धन की दौड़ के कारण पारिवारिक और मानवीय संबंध कम होते जा रहे हैं।व्यक्ति के पास अपनी पत्नी और संतान के लिए भी समय नही है। आज मनुष्य धन को ही अपना सब कुछ मान बैठा है और अपने प्रियजनो से दूर होता जा रहा है।धन के कारण ही आज रिश्तों में दरार आ गयी है।धन की लालसा व्यक्ति को जघन्य कार्य करने के लिए प्रेरित कर रही है।धन की लालसा के कारण ही जगह-जगह हत्या,लूट,अपहरण,चोरी-डकैती जैसी घटनाए बढ़ रही हैं।व्यक्ति की इस मनोवृत्ति को बदलने के लिए हमें हर स्तर पर प्रयत्न करने होंगे।

1.आज व्यक्ति किसकी अंधी-दौड़ में शामिल है? (1)

2. इस अंधी - दौड़ के कारण मानवीय संबंधों पर क्या प्रभाव पड़ा है? (1)

3. धन की लालसा के कारण कौन-सी घटनाए बढ़ रही है? (1)

4.धन की दौड़ में कौन-से सम्बंध कम होते जा रहे हैं और क्यों? (1)

5.कल का विलोम गद्यांश से ढूँढकर लिखें। (1)

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:-** (8)

**I)**निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही चार शब्दों के विलोम लिखिए:-

भूख, टूटना, नभ,मिलन, बंधन

**II)**निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिये:-

प्रशंसा, डर

**III)**निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।

जिस पर विश्वास हो-

पूजा करने वाला-

**IV)** नीचे दिए वाक्यों में खाली स्थानो की पूर्ति कि/की लिखकर कीजिए।

१.मुझे आशा है____वहाँ सब कुशल होंगे।

२.आप ने सभी देशों__ यात्रा की हैं।

३.आप सभी भारतीयों__माँ हैं।

४.आप देखिए_____ हमारे धर्म की क्या हालत हैं?

**प्रश्न 6.मूल्यपरक प्रश्न:-** **(5)**

1) बूढ़े मां बाप के प्रति बच्चों के क्या कर्तव्य होने चाहिए?

2) शिक्षा हमारे किन गुणों को संवारती है?

**प्रश्न 7. नीचे दिए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5)**

देश हमें देता है सब कुछ
हम भी तो कुछ देना सीखें।
सूरज हमें रोशनी देता
हवा नया जीवन देती है।
भूख मिटाने को हम सबकी
धरती पर खेती होती है।
औरों का भी हित हो जिसमें
हम ऐसा कुछ करना सीखें।
गरमी को जलती दुपहर में
पेड़ सदा छाया देते हैं।
खुशबू भरे फूल देते हैं
हमको नव फूलों की माला ।
त्यागी तरुओं के जीवन से
हम परहित कुछ करना सीखें।

**1)** हम किससे देना सीख सकते हैं?

**2)** कवि ने त्यागी किसे कहा है?

**3)** छाया हमें किससे मिलती है?

**4)** 'धरती' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

**5)** इस पद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

**SECTION B (40 Marks)**

**प्रश्न 8.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **(5)**

हमें मनुष्य जीवन मिला है और साथ ही बुद्धि,चेतना,आत्मा जैसे गुण मिले हैं। लेकिन इन सबके होते हुए भी यदि हम पशुओं के समान खाने और सोने से संतुष्ट रहे, इंद्रियो के दास बने रहे,केवल अपनी चिंता करें और पशुओं के समान नैतिकता-शून्य जीवन जीते रहे तो हमारे मनुष्य के रूप में जीने की क्या सार्थकता है?क्या वह जीवन जीने योग्य है जो दूसरों की सेवा में समर्पित न हो? माँ,आप जानती है मैं आपको यह सब क्यों लिख रहा हूँ।आप ही कहे ये सब बातें मैं किससे करूँ?कौन मेरीबातें सुनेगा? कौन इन्हें गम्भीर मानेगा?जिनका जीवन स्वार्थ से प्रेरित है वे कभी इस प्रकार सोच नही सकते क्योंकि वैसा करने पर उनके स्वार्थ पर आँच आएगी।लेकिन एक माँ का जीवन स्वार्थ रहित होता है।

1.मनुष्य जीवन के गुण क्या हैं?

2.किसका जीवन स्वार्थरहित होता है?

3.कौन केवल खाने और सोने से संतुष्ट रहता है?

4.नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखिए।

नैतिकता - ________ प्रेरित - _______

**प्रश्न 9. नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(8)**

1.सेठ के बारे में किसने दीनू काका से पूछा?

2.नेताजी ने अंत में प्रभु से क्या प्रार्थना की?

3.पक्षी आकाश में कहाँ तक उड़ना चाहते हैं?

4.दीनू काका पर सेठ का कितना किराया निकलता था?

**प्रश्न 10.सही उत्तर चुनकर(✓) लगाइए।** **(5)**

1.लूसी कौन-सी जाति की थी?

अल्सेशियन ( ) जंगली भोटिया ( )

**2.**नीलू को कितने वर्ष का जीवन मिला था?

तेरह वर्ष ( ) चौदह वर्ष ( )

**3.**´अनार के दाने´ किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

चोंच ( ) फल ( ) तारे ( )

**4.**´पिंजरबद्ध´ का क्या अर्थ है?

पिंजरे में ( ) पिंजरे में बंद ( ) पिंजरे से मुक्त ( )

**5.**माँ पर न्योछावर होने वाले वीर कौन-से होते हैं?

स्वार्थयुक्त ( ) स्वार्थरहित ( )

**प्रश्न 11. आशय स्पष्ट कीजिए।** **(4)**

एक माँ का जीवन स्वार्थरहित होता हैं?

**(अथवा)**

स्वतंत्र रहकर पक्षी क्या-क्या करना पसंद करते हैं?

**प्रश्न 12.पठित पद्यांश को पढ़िए और सही उत्तर चुनकर(✓) लगाइए।** **(3)**

**होती सीमाहीन क्षितिज से**
**इन पंखों की होडा-होड़ी,**
**या तो क्षितिज मिलन बन जाता**
**या तनती साँसो की डोरी।**

1. पक्षी किसके साथ होडा-होड़ी करना चाहता है?

आकाश से ( ) पंखों से ( ) सीमाहीन ( )

2. क्षितिज´ का क्या अर्थ है?

जहां धरती-आकाश मिलते हैं ( ) आसमान ( ) ज़मीन ( )

3.रिक्त स्थानो की पूर्ति करें।

या—- साँसो की डोरी।

**प्रश्न 13. नीचे दिए उपसर्ग जोड़कर शब्द बनाइए।** **(4)**

सु - ________ नि - ________ अप - ________ अनु - ________

**प्रश्न 14.नीचे दिए संज्ञा शब्दों से विशेषण बनाइए।** **(3)**

रंग - ________ पर्वत - __________ जंगल - __________

**प्रश्न 15. नीचे दिए अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए।** **(3)**

1. आपने सभी देशों का यात्रा की है।
2. मुझे सचमुच दुख होंगे।
3. तुम तुम्हारा काम कर लिया।

***ALL THE BEST***